हिंदुजा समूह ने इलेक्ट्रिक वाहन प्लांट लगाने में दिखाई रुचि

लखनऊ। प्रदेश में इलेक्ट्रिक व्हीकल मैन्युफैक्चरिंग प्लांट लगाने को लेकर हिंदुजा समूह और अशोक लेलैंड ने रुचि दिखाई है। दोनों कंपनियों के अधिकारियों के साथ औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने पिकअप भवन सभागार में बैठक की। उन्होंने बताया कि प्रदेश को ईवी मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने के लिए अलग से पालिसी लाई गई है। इस आधार पर करीब 30 हजार करोड़ से ज्यादा के निवेश की संभावना है। प्रदेश निवेश का सबसे बड़ा केंद्र बन कर उभरा है और अब ईवी क्रांति की ओर अग्रसर है। यहां ईवी मैन्युफैक्चरिंग प्लांट, चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर और रिचार्जेबल बैटरी निर्माण के लिए कई कंपनियों ने प्रस्ताव दिए हैं। बैठक में आईआईडीसी मनोज कुमार सिंह जी, सीईओ इन्वेस्ट यूपी अभिषेक प्रकाश जी, एमडी अशोक लेलैंड शीनू अग्रवाल, सीनियर एडवाइजर हिंदुजा समूह सुनील चड्ढा आदि थे। ब्यूरो

समूह के अधिकारियों के साथ औद्योगिक विकास मंत्री की बैठक